# बिहार सरकार
# उद्योग विभाग

पत्रांक– /पटना, दिनांक–
सं0सं0–04तक0/fin Tech City- भूमि अधिग्रहण–17/2025

प्रेषक,

अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं हक0),
बिहार, पटना।

द्वारा– **आंतरिक वित्तीय सलाहकार।**

विषयः– **वित्तीय वर्ष 2025–26 में GIFT–सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन फतुहॉ, पटना में Fin Tech City विकसित करने हेतु भूमि अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू0 40881.30503 लाख के विरूद्ध प्राप्त आवंटन रू0 4000.00 लाख (रूपये चालीस करोड़) मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति।**

आदेशः– स्वीकृत।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में GIFT–सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन फतुहॉ, पटना में Fin Tech City विकसित करने हेतु भूमि अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू0 40881.30503 लाख के विरुद्ध प्राप्त आवंटन रू० 4000.00 लाख (रूपये चालीस करोड़) मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

2. पूर्व में वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत्यादेश सं0–3523 दिनांक–19.09.2025 द्वारा रू0–50.00 करोड़ की निकासी की गई है।

3. दिनांक–26.08.2025 के मंत्रिपरिषद की बैठक की मद संख्या–08 के रूप में फतुहाँ, पटना में मल्टी मॉडल लोजिस्टिक पार्क (MMLP) परियोजना से सटे भू–भाग में औद्योगिक परियोजना के अधीन Fin Tech City विकसित करने हेतु कुल रकबा 242 एकड़ भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना के माध्यम से अधिग्रहण एवं अधिग्रहण की प्राक्कलित राशि रू0 40881.30503 लाख (रुपये चार सौ आठ करोड़ इक्यासी लाख तीस हजार पाँच सौ तीन) मात्र की व्यय की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जो उद्योग विभाग के संकल्प ज्ञापांक–3240, दिनांक–26.08.2025 द्वारा निर्गत है।

4. उक्त 242 एकड़ भूमि का आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (IDA), पटना के माध्यम से अधिग्रहण किये जाने के पश्चात् बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (BIADA) पटना द्वारा GIFT–सामान औद्योगिक परियोजना के अधीन Fin Tech City के रूप में विकसित किया जायेगा, जिससे राज्य में वित्तीय सेवाओं, नवाचार आधारित उद्यमों, उन्नत तकनीक तथा निर्यात उन्मुख उद्योगों को एक ही परिसर में समावेशित कर एक प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जायेगा इससे राज्य में लॉजिसिटक्स प्रक्षेत्रों में निवेश तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

5. इस राशि की निकासी मुख्यशीर्ष 4885–उद्योगों तथा खनिजों पर अन्य पूंजीगत परिव्यय, उपमुख्य् शीर्ष–02–पिछड़े क्षेत्रों का विकास, लघु शीर्ष–050–भूमि, उपशीर्ष 0101–औद्योगिक विकास के लिए भूमि अर्जन, विपत्र कोड–23–4885020500101, विषय शीर्ष 0101–53–02 भू–अर्जन मद में उपबंधित राशि से की जायेगी। जिसके लिए यथेष्ट बजट उपलब्ध है।

6. इस राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सहायक निदेशक (MSME), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार, पटना होगें, जो सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना से राशि की निकासी कर आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा), पटना के पी०एल० खाता सं०–PBBPLA012 में CFMS के माध्यम से उपलब्ध करायेंगे। उक्त राशि की निकासी BTC Form–46 से की जायेगी, जिसका व्यय औद्योगिक परियोजना के अधीन फतुहाँ, पटना में Fin Tech City विकसित करने हेतु भूमि अधिग्रहण हेतु निर्धारित प्रावधान के अनुरूप किया जायेगा।

7. इस योजना के नियंत्री एवं पर्यवेक्षण पदाधिकारी, निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, उद्योग विभाग, बिहार, पटना होगें, जो योजना का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण करेंगे तथा राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र महालेखाकार (ले० एवं हक०), बिहार, पटना को भेजते हुए इसकी एक प्रति विभाग को भेजना सुनिश्चित करेंगे।

8. इस राशि की निकासी एवं उसका समायोजन वित्त विभागीय पत्रांक–4263 दिनांक–10.05.2014 के अनुरूप की जायेगी।

9. राशि की निकासी वित्त विभागीय पत्रांक--2561/वि (2) दिनांक–17.04.1998 के कंडिका–2 के आलोक में किया जायेगा तथा पत्र में निहित अनुदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

10. वित्त विभागीय पत्रांक–7355/वि (2), दिनांक–05.10.2007 के आलोक में प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

11. स्वीकृत्यादेश में संचिका संख्या–04तक0/Fin Tech City भूमि अधिग्रहण–17/2025 के पृष्ठ–12/टि० पर दिनांक–22.01.2026 को आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

12. निकासी के प्रस्ताव पर सचिव, उद्योग विभाग का संचिका संख्या–04तक०/Fin Tech City भूमि अधिग्रहण–17/2025 के **पृष्ठ–17/टि० पर दिनांक** –09.02.2026 को अनुमोदन प्राप्त है।

विश्वासभाजन

ह0/–
(अनिल कुमार)
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक: /पटना, दिनांकः–
**सं०सं०–04 तक0/fin Tech City– भूमि अधिग्रहण–17/2025**
प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

ह0/–
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।

ज्ञापांक: 290 /पटना, दिनांकः– 17/02/2026
**सं०सं०–04 तक0/fin Tech City– भूमि अधिग्रहण–17/2025**
प्रतिलिपिः महालेखाकार, (लेखा परीक्षक, बिहार, पटना/विकास आयुक्त, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, उद्योग विभाग के आप्त सचिव/योजना एवं विकास विभाग, बिहार पटना/वित्त विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार (आयडा)/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (BIADA), पटना/ निदेशक, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, बिहार, पटना/उद्योग निदेशक, बिहार, पटना/निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम, बिहार, पटना/ /निदेशक, खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय, बिहार, पटना/सहायक निदेशक (MSME)–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय, बिहार, पटना /प्रभारी योजना शाखा, उद्योग विभाग, बिहार, पटना/प्रभारी बजट शाखा, उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना/आई० टी० प्रबंधक, उद्योग विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/02/26
अपर सचिव,
उद्योग विभाग, बिहार, पटना।